प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक : 11.12.2025 समय : 01:00 पी.एम.

00000

राज्य सरकार के कार्यकाल के दो वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इसी उपलक्ष्य में विभिन्न जिलों के प्रभारी मंत्री और अधिकारी राज्यसरकार की उपलब्धियों के बारे में जानकारी दे रहे है। आज करौली में जिला मुख्यालय पर प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इसमें प्रभारी मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने जिले में चल रहे विकास कार्यो और जनकल्याणकारी योजनाओं के अलावा आगामी नीति निर्देशों के बारे में बताया।

.....

आज से ही करौली में सड़क सुरक्षा अभियान की भी शुरूआत हुई। 25 दिसम्बर तक चलने वाले अभियान में कई जागरूकता गतिविधियां होंगी। उधर डूंगरपुर में जिला प्रशासन, पुलिस और परिवहन विभाग की ओर से सड़क सुरक्षा पखवाडे का आगाज हुआ। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि पखवाडे के दौरान सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम रखे जायेंगे। लोगों को यातायात नियमों के बारे में बताया जायेगा। इधर कल जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में 'नवाचार दिवस–स्टार्टअप्स एक्सपो' होगा। सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के शासन सचिव डॉ. रवि कुमार सुरपुर ने आयोजन की तैयारियों का जायजा लेते हुए प्रभारी अधिकारियों को कार्यक्रम से जुड़ी हर व्यवस्था निर्धारित समय से पहले पूरी करने के निर्देश दिए है। एक्सपो में स्टार्टअप्स की प्रदर्शनी आकर्षण का केन्द्र होगी।

00000

नीति आयोग एक प्रमुख दैनिक उपभोग सामग्री एफएमसीजी कंपनी के साथ राष्ट्रव्यापी स्टार्टअप कार्यक्रम शुरू करेगा। इसका उद्देश्य देश को चक्रवर्ती अर्थव्यवस्था की दिशा में आगे बढ़ाना है। नीति आयोग ने बताया है कि इस पहल के अंतर्गत अगले तीन वर्षों में चक्रवर्ती अर्थव्यवस्था को मजबूत करने वाले 50 उच्च क्षमता के स्टार्टअप की पहचान की जाएगी और उन्हें समर्थन दिया जाएगा। कार्यक्रम में प्लास्टिक के पुर्नचक्रण, दोबारा इस्तेमाल और पैकेजिंग सामग्री के नवाचार समाधान निकालने वाले स्टार्टअप को प्राथमिकता दी जाएगी। आयोग ने बताया कि चयनित स्टार्टअप को अनुदान राशि के साथ बाजार मान्यता के लिए अवसर दिए जा सकते हैं।

00000

नागरिक उड्डयन महानिदेशालय–डी.जी.सी.ए. ने गुरुग्राम स्थित इंडिगो के कॉर्पोरेट कार्यालय में एक विशेष निगरानी दल का गठन किया है। डीजीसीए ने एक आदेश जारी कर इसकी घोषणा की। इसका उद्देश्य उड़ान में देरी होने और इसके रद्द होने की स्थिति में यात्रियों को होने वाली असुविधा को दूर करना है। आठ सदस्यीय यह दल विमान की क्षमता, चालक दल की उपलब्धता, उपयोग के घंटे, अनियोजित अवकाश और स्टैंडबाय चालक दल सहित प्रमुख परिचालन क्षेत्रों की निगरानी करेगा। इसके अलावा, डी.जी.सी.ए. अधिकारी रोजाना रद्द होने वाली उड़ानों, धनवापसी की प्रक्रिया, समय पर उड़ान, यात्रियों के मुआवजे और लगेज वितरण पर नजर रखेंगे।

0000

झालावाड़ जिले में स्थित यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल गागरोन दुर्ग कल एक ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बना। राज्य सरकार की पंच गौरव योजना के तहत आयोजित 'गागरोन दुर्ग चित्रकला महोत्सव' में 5 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने एक साथ चित्रकारी कर वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड में कीर्तिमान बनाया। जिला कलक्टर अजय सिंह राठौड़ ने इस विश्व–स्तरीय उपलब्धि को जिले के लिए महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन सिर्फ एक रिकॉर्ड नहीं बल्कि विद्यार्थियों की रचनात्मकता, विरासत के प्रति सम्मान और जिले की पहचान को समर्पित पहल है। आयोजन के दौरान रामबुर्ज पर पंचगौरव के तहत चयनित खेल बास्केटबॉल का मैच भी आकर्षण का केंद्र रहा।

00000

प्रदेश में सर्दी का असर बना हुआ है। अधिकांश जिलों का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सैल्सियस से नीचे बना हुआ है। पिछले 24 घंटों में सबसे कम न्यूनतम तापमान 4 डिग्री सेल्सियस सीकर के

फतेहपुर में दर्ज किया गया। नागौर में 5, सीकर में 5 दशमलव 5, लूणकरणसर में 5 दशमलव 6, दौसा में 6 दशमलव 1, जालोर में 6 दशमलव 4, करौली में 6 दशमलव 7, सिरोही में 6 दशमलव 8, पाली में 7 दशमल 3, झुंझुनूं में 7 दशमलव 8, अलवर और पिलानी में 8–8, भीलवाडा में 8 दशमलव 2, श्रीगंगानगर में 8 दशमलव 5, चित्तौडगढ और अंता में 8 दशमलव 8 और राजधानी जयपुर में न्यूनतम तापमान 10 दशमलव 7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ।

00000